# फीस जमा न होने पर बच्चों को किया पढ़ाई से वंचित

## शिवपुरी पब्लिक स्कूल का है मामला, क्लास छोड़कर लाईब्रेरी में बैठाया, परिजनों ने जताई नाराजगी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** प्राईवेट स्कूलों की मनमानी चरम पर है, जहां कभी ड्रेस के लिए तो कभी स्वेटर के लिए, तो कभी फीस के लिए स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को परेशान किया जाता है। ऐसा ही एक मामला सोमवार को सामने आया है, जहां शिवपुरी पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को फीस को लेकर मानसिक रूप से परेशान किया गया। साथ ही पढ़ाई से बंचित रखने के साथ ही उन्हें लाईब्रेरी में बैठाया गया। इसकी जानकारी जब बच्चों के अभिभावकों को लगी तो वह स्कूल पहुंचे और प्रबंधन को खरी-खोटी सुनाते हुए अपनी नाराजगी जताई। इसके साथ ही उन्होंने इस सबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से भी शिकायत की। जिसके बाद स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों को फिर से क्लास में बैठाया गया।

दरअसल सोमवार को स्कूल प्रबंधन द्वारा बड़ी संख्या में बच्चो




को उनकी कक्षा से उठाकर लाईब्रेरी में बैठा दिया, वहीं घंटो बैठने के बाद जब किसी बच्चे ने अपने अभिभावक को पूरी बात बताई, तो वह स्कूल पहुंचे। इसके साथ ही अन्य अभिभावक भी स्कूल पहुंचे। जहां वह बच्चो को लाईब्रेरी में बैठ देख दंग रह गए। इस दौरान जहां प्रबंधन द्वारा फीस जमा न होने की बात कहते हुए पनिशमेंट देने की बात कहीं। तो वहीं अभिभावकों द्वारा बच्चो मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की बात कहीं।

**फीस का है पूरा मामला:**

शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले प्राईवेट स्कूल मंदिर कम और व्यापारिक दुकानें ज्यादा बन गई। जिसकी बजह से जहां एक ओर अभिभावकों पर मनमानी फीस बढ़ोत्तरी कर दबाब बनाया जा रहा है। तो वहीं जमा न करने की स्थिति बच्चो को प्रताड़ित किया जा रहा है। यही सब कुछ शिवपुरी पब्लिक स्कूल में देखने को मिला। जहां फीस जमा न होने की स्थिति में बच्चों को लाईब्रेरी में बैठाया गया। बच्चों को कहना था कि नई प्राचार्य आई है, जब से उनके साथ अलग तहर का व्यवहार किया जा रहा है और उन्हें पढ़ाई से बंचित करते हुए लाईब्रेरी में बैठाया जाता है। वहीं स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बार बार अभिभावकों को सूचित किया, लेकिन जबाब न मिलने के कारण बच्चों को लाईब्रेरी में बैठाया गया। वहीं कई अभिभावकों का कहना था कि उन्हीं फीस सबंधी कोई सूचना नहीं दी गई।

### अभिभावकों ने कहा पढ़ाई से कर रहे वंचित बंधकों की तरह कर रहे बच्चों से व्यवहार

बच्चो को लाईब्रेरी में बैठाने की जानकारी लगने के बाद जब अभिभावक स्कूल पहुंचे तो अपने बच्चो को पढ़ाई न करते पाये जाने पर काफी नाराजगी जताई। इस दौरान अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन की जो किश्ते है, उनमें से पहली किश्त जमा है और दूसरी किश्त देने में आर्थिक परेशानी के कारण लेट हो गए। जिसके चलते बच्चो को जहां पढ़ाई करने से रोका जा रहा है। तो हीं लाईब्रेरी में बैठाकर बंधकों की तरह व्यवहार किया जा रहा है। जिसकी बजह से उनके दिमाग पर गलत असर पर पढ़ रहा है वह स्कूल आने की मनाही ही कर रहे है।

***इनका कहना है।***

*बच्चों को फीस जमा न होने के कारण लाईब्रेरी में बैठाया गया था। इसके अलावा अभिभावको को भी वॉट्सअप सहित मैसेज के माध्यम से सूचित किया गया, लेकिन उनके द्वारा फीस जमा नहीं कराई गई, जिससे ऐसा कदम उठाया गया।*

***अभिषेक रघुवंशी, मैनेजर***
***शिवपुरी पब्लिक स्कूल अशोकनगर।***

## SIR कार्य में प्रगति न लाने पर बीएलओ की एक वेतनवृद्धि रोकी

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्य में प्रगति न लाने एवं कारण बताओं नोटिस का जबाव समाधानकारक न होने पर विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी के मतदान केंद्र क्रमांक 233 कनावटा के बीएलओ कमलेश सिरोठिया प्राथमिक शिक्षक शा.प्रा.वि. बराना की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्यक्रम जारी किया गया है। कमलेश सिरोठिया प्राथमिक शिक्षक शा.प्रा.वि. बराना को मतदान केंद्र क्रमांक 233 कनावटा के लिए बीएलओ नियुक्त किया गया है। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्य हेतु भ्रमण के दौरान कार्य में प्रगति के निर्देश दिये गये थे। बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी एसआईआर कार्य में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई।




# अचरज : पहले मारपीट, फिर वाहन पलटने से पटवारी को लगी चोटें

### एसआईआर के काम के दौरान ग्रामीण ने की मारपीट

### उपचार को ले जाते समय पलटा वाहन

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** क्षेत्र में इस समय एसआईआर का काम बड़ी तेज गति से चल रहा है,जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ इस कार्य में लगे बीएलओ, सहायक बीएलओ और पटवारियों को सबसे ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ रहा है और अब तो नौबत यहां तक आ गई है इस कार्य में सोमवार को टीला ग्राम में एक पटवारी के साथ मारपीट कर दी गई। जिसकी शिकायत समस्त पटवारियों द्वारा पुलिस थाने में की गइ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पटवारी ईश्वरचंद जाटव ग्राम टीला में एसआईआर का काम करने ग्राम में पहुंचे थे जहां वह प्रजापति मोहल्ला में कार्य कर रहे थे तभी ग्राम के भानुप्रताप यादव वहां आकर पटवारी के साथ मारपीट करने लगे और गाली-गलौच करने लगे और कहा कि यहां आगे से इस ग्राम में आ मत जाना मौके पर मौजूद प्रकाश सिंह यादव और राजकुमार प्रजापति ने बीच-बचाव कर उसे बचाया, जिसके बाद उसे इलाज के सिविल अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां उसके कंधे में चोट आई है। वही इस घटना नाराज समस्त पटवारी पुलिस थाने पहुंचे और कढ़ी कार्यवाही मांग करने लगे, जिस पर पुलिस ने शासकीय कार्य में बांधा और एसीएसटी एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ने उसके घर पर पहुंची मगर आरोपी वहां नहीं मिला जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। वहीं घटना में घायल पटवारी को जिला अस्पताल रेफर किया गया, मगर जैसे ही तहसीलदार की गाड़ी कोयल घाटी पर पहुंची तो वहां एक मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार पटवारी



ईश्वरचंद जाटव जो कि पहले ही एक कंधे से घायल थे जिनके दूसरे कंधे में भी चोट आने से वह फैक्चर हो गया। साथ ही पसलियों में भी चोट आई हैं। वही पटवारी राजेश कलावत को पसलियों में चोट आने के साथ हाथ की उंगलियों में 6 टांके आए है वहीं ड्राइवर को उंगलियों में 3-4 टांके आए है बाकी कोटवार सहित एक और पटवारी को मामूली चोटे आए है,जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

**राशन कार्ड और मुआवजा राशि को लेकर नाराज था आरोपी:**

पटवारी से मारपीट मामले में मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बीपीएल राशन कार्ड और मुआवजा राशि को लेकर नाराज था और वह इसी बात को लेकर पटवारी के साथ मारपीट कर दी, फिलहाल इस मामले में जांच चल रही है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है कि आखिर आरोपी द्वारा पटवारी से साथ मारपीट क्यों की गई, जबकि वह तो एसआईआर के काम से ग्राम में गया हुआ था और वह काम कर रहा था और अचानक से आरोपी द्वारा मारपीट शुरू कर दी गई यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि मारपीट की असली वजह क्या थी।

***इनका कहना है।***

*पटवारी से ग्राम के भानुप्रताप यादव ने मारपीट की है, पटवारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, जहां कोयल घाटी के पास बाईक बचानें के दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार पांच लोग घायल हो गए है।*

***सोनम शर्मा,***
***तहसीलदार मुंगावली***

## एक नजर में



### कांग्रेस का BLA-2 प्रशिक्षण संपन्न

**अशोकनगर।** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (SIR) को लेकर सोमवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र में BLA-2 प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित बीएलए को (SIR) के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रशिक्षण प्रभारी राजेश बाबू ने बूथ स्तर पर मतदाता सूची के सूक्ष्म सत्यापन, मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति, नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इसके साथ ही और उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ से (SIR) को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह, विधायक इंजी. हरिबाबू राय, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल सहित बड़ी संख्या में काग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भोपाल पुलिस ने दी शहर में दस्तक

**अशोकनगर।** जिला आए दिन सुर्खियों में बना हुआ है, तो वहीं प्रतिदिन किसी न किसी मसले को लेकर जिले के नाम राजधानी पर लिया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को भोपाल पुलिस ने शहर में दस्तक दी। इस दौरान पुलिस द्वारा शहर के नामी व्यापारी को पूछताछ के लिए सिटी कोतवाली बुलाया गया। जिसके बाद बड़ी संख्या में शहर के व्यापारी थाने पहुंचे। जिसके चलते दोपहर से लेकर शाम तक सिटी कोतवाली में लोगों भीड़ देखी गई।

दरअसल भोपाल पुलिस चोरी के सिलसिले में शहर में आई थी। जहां उनके साथ फरियादी से लेकर आरोपी था। इस दौरान पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ी और पूछताछ के लिए शहर के सर्राफा व्यापारी थाने में बुलाया गया। जहां देर शाम तक उक्त व्यापारी से पूछताछ जारी रहीं। जानकारी के मुताबिक भोपाल शहर में एक बड़ी चोरी की बारदात जानकारी जुटाने के लिए पहुंची थी।

### बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के मतदान केंद्र क्रमांक 158 रिजोदा के बीएलओ महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव शिक्षक एकीकृत शासकीय हाई स्कूल रिजोदा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य में विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के मतदान केंद्र क्रमांक 158 रिजोदा के लिए बीएलओ नियुक्त किया गया है भ्रमण के दौरान ईएफ डिजिटलीकृत के कार्य की समीक्षा की गई। आपके द्वारा 1210 मतदाताओं में से सिर्फ 434 फार्म ही बीएलओ एप पर ऑनलाईन किये गये हैं। बीएलओ के सौंपे गये कार्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करने में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

# सट्टा सरगना आजाद का साथी विकास गिरफ्तार

## पुलिस कप्तान के निर्देशन में लगातार जारी है ऑनलाइन सट्टा पर कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** ऑनलाइन सट्टा ने कई लोगों के घरों को तबाह कर कर दिया है। तो वहीं इसे खिलाने वालों ने लाखों को साम्राज्य खड़ा कर लिया है। लेकिन अब इस ऑनलाइन सट्टा पर पुलिस की कड़ी निगरानी है और लगातार कार्रवाई कर रहीं है। ऐसी कार्यवाहीं विगत कई महीनों से जारी है। जिसमें ऑनलाइन सट्टा के मुख्य सरगना आजाद खान तक पुलिस पहुंच गई। तो वहीं उसके साथ ही प्रमुख सहयोगी विकास जैन को कोतवाली पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

दरअसल पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर तथा एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान द्वारा एक विशेष पुलिस टीम गठित कर शहर में सक्रिय ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क पर लगातार निगरानी एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 5 अक्टूबर 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शमशाद खान पुत्र महबूब खान, निवासी आजाद




मोहल्ला अशोकनगर द्वारा अवैध रूप से ऑनलाइन सट्टा आईडी जनरेट कर शहर के युवाओं को वितरित किया जा रहा है, जिससे युवाओं को ऑनलाइन सट्टा खेलने के लिए प्रलोभित किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शमशाद खान को मौके से पकड़ा गया। वहीं आरोपी के मोबाइल फोन की तकनीकी जांच करने पर यह तथ्य सामने आया कि शमशाद खान को ऑनलाइन सट्टा आईडी राजीव जैन उर्फ राजू एवं विकास जैन द्वारा उपलब्ध कराई जाती थी, जिसका उपयोग वह विभिन्न युवाओं को सट्टा खेलने हेतु प्रेरित एवं वितरित करने में करता था। साथ ही आरोपी के बैंक खातों एवं यूपीआई ट्रांजेक्शन की जांच में यह भी पाया गया कि ऑनलाइन सट्टे में प्राप्त होने वाली राशि इरफान उर्फ मासूम के बैंक खाते में ट्रांसफर की जा रही थी। पुलिस ने इस लेन-देन को प्रमाणित करने वाली डिजिटल एवं बैंकिंग साक्ष्य भी एकत्रित किए।

**तकनीको साक्ष्यों से हुआ सट्टा किंग का खुलासा:**

मामले में पुलिस ने शमशाद खान एवं राजीव जैन से पूछताछ के दौरान प्राप्त मेमोरेंडम, तकनीकी विश्लेषण, बैंक विवरण एवं अन्य प्रमाणों के आधार पर इस अवैध ऑनलाइन सट्टा गतिविधि के मुख्य संचालकों का खुलासा हुआ। जांच में यह सिद्ध हुआ कि नगर शहर में संचालित इस ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क का मुख्य सरगना आजाद खान पुत्र अलीम खान उर्फ पप्पू टेलर निवासी आजाद मोहल्ला है, जो लंबे समय से अपने सहयोगियों के माध्यम से शहर में ऑनलाइन सट्टे का नेटवर्क फैला रहा था। इस पर पुलिस द्वारा संबंधित सभी आरोपियों को प्रकरण में विधिवत नामजद कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। जांच के दौरान यह भी पुष्टि हुई कि मुख्य सरगना आजाद खान का मुख्य सहयोगी विकास जैन पुत्र महेन्द्र जैन निवासी पुराना बाजार अशोकनगर है, जो इस पूरे ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क में आईडी वितरण, राशि के लेन-देन और तकनीकी सहयोग जैसे प्रमुख कार्यों को संभालता था। आजाद खान का मुख्य सहयोगी विकास जैन द्वारा अग्रिम जमानत हेतु आवेदन दिया गया था जो न्यायालय द्वारा निरस्त किया गया। पुलिस द्वारा लगातार निगरानी एवं साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस टीम ने सोमवार को आरोपी विकास जैन को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रवि प्रताप चौहान, सायबर से सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक पंकज तिवारी, नवल शर्मा तथा आरक्षक अवनीश दौहरे की भूमिका रही।

# डिप्टी कलेक्टर बनी मोना का कलेक्टर ने किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले की तहसील बहादुरपुर के ग्राम इकोदिया की डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित मोना दांगी का कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने मोना दांगी को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि एमपीपीएससी परीक्षा 2023 में 12 वां स्थान प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हुआ है। मोना दांगी ने



प्राथमिक की पढ़ाई अपने ग्राम में की तथा कक्षा 12 वीं में सरकारी स्कूल से जिला टॉप किया। एमपीपीएससी की तैयारी कर वर्ष 2022 में उनका चयन आयकर निरीक्षक के पद पर हुआ था। वर्ष 2025 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई हैं।

# शिवम युवा और रामकृष्ण संभागीय उपाध्यक्ष नियुक्त

### अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक संपन्न

### बैठक में कुरीतियों पर किया गया विचार

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** विगत दिवस अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक ग्राम करैया राय में संपन्न हुई। बैठक में युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष की नियुक्ति लिए शिवम राज के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका उपस्थित सभी समाजजन ने हाथ खड़े करके समर्थन किया। जिससे शिवम राज पुत्र ब्रजेश नानोन को युवा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष चुना गया। संभाग अध्यक्ष राकेश रजक ने रामकृष्ण टेलर को संभागीय उपाध्यक्ष एवं राजेश रजक अखाई घाट को संभागीय मंत्री बनाने की घोषणा करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष अशोकनगर प्रकाश रजक



करैया ने करवाया। सर्वप्रथम संत गाडगे जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित करके दीप प्रज्वलित करके प्रारंभ की गई। बैठक की अध्यक्षता तोफान सिंह रजक करैया ने की। बैठक में बलवीर रजक अमाही प्रदेश उपाध्यक्ष और शोभाराम रजक जिलाध्यक्ष ने अपनी बात रखी। बैठक में पिछली बैठक के विषयों की समीक्षा की गई। राम रजक प्रदेश संगठन मंत्री ने समाज को नशा मुक्त करने के लिए, राकेश रजक संभाग अध्यक्ष ने फिजूलखर्ची, अनावश्यक कपड़ों का लेनदेन बंद करने, मृत्यु भोज बंद करने की बात कही। मंच संचालन अरविंद रजक जिला सचिव ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।


**भारतीय स्टेट बैंक शाखा, स्टेशन रोड़ अशोकनगर (30082)**

//विज्ञप्ति//

हमारे कार्यालय को मासिक किराये के आधार पर कार / जीप की आवश्यकता है अत: इच्छुक व्यक्ति सील बंद लिफाफे में अपनी निविदा दिनांक 30/11/2025 तक हमारे कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 01/12/2025 को सांय 05 बजे शाखा कार्यालय में शाखा स्तर बनाई गई समिति के सामने खोली जाएगी और इस हेतु न्यूनतम राशि की निविदा पर ही विचार किया जावेगा ।

**निविदा की शर्तें निम्नानुसार होंगी :-**

1. कार/जीप नयी होकर सही हालत में होनी चाहिए और 2024-25 मॉडल को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. कार/जीप निविदाकार के नाम पर ही दर्ज होना चाहिये, अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज वाहन स्वीकार नहीं किया जावेगा ।
3. ड्राईवर की व्यवस्था व वेतन का भुगतान स्वयं वाहन मालिक द्वारा किया जावेगा और बैंक द्वारा इस संबंध में कोई अतिरिक्त व्यय वाहन किराए के अलावा देय नहीं होगा।
4. वाहन के रख रखाव की समस्त जिम्मेदारी वाहन मालिक की होगी ।
5. वाहन की लॉग बुक पर एंट्री के आधार पर ही किराए व डीजल का भुगतान किया जाएगा ।

**मुख्य प्रबंधक**
**भारतीय स्टेट बैंक शाखा**
**स्टेशन रोड़ अशोकनगर (30082)**



**न्यायालय नायब तहसीलदार चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 15/11/2025

// **विज्ञप्ति**//

आवेदक कल्लू रैकवार पुत्र प्रभुलाल रैकवार निवासी ग्राम विक्रमपुर तहसील चंदेरी द्वारा अपने दादा कन्हैया रैकवार पिता शिबुआ रैकवार की मृत्यु दिनांक 07/08/1995 को ग्राम विक्रमपुर में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 28/11/2025 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**नायब तहसीलदार**
**वृत-2 विक्रमपुर**
**तहसील चंदेरी, जिला अशोकनगर मप्र**


## कार्यक्रम

## SIR को लेकर एसडीएम ने ली समीक्षा बैठक

# बैठक में बीएलओ और सुपरवाईजर ने गिनाई अपनी परेशानी

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली। सोमवार को नगर परिषद सभागार में एसआईआर को लेकर एसडीएम इसरार खान द्वारा नगर के सभी बीएलओ एवं सुपर वाइजर की बैठक लेकर समीक्षा की गई।**

जिसमें एसआईआर पर किया जा रहा काम पर चर्चा की गई और कहा परेशानी आ रही है सभी बीएलओ और सुपर वाइजर से इस संबंध में बात की गई। इस बैठक में भाजपा के पदाधिकारी भी शामिल हुए और उन्होंने भी इस कार्य में पूरा सहयोग करने की बात कही, बीएलओ ने बताया कि जहां वह




यह कार्य दिन और रात लगे हुए है तो वहीं कई परिवार ऐसे है जहां लोग उन्हें अपनी जानकारी नहीं दे रहे है एवं कई बार उनके चक्कर लगाना पड़ रहे है वहीं जो बहुयें है वह भी अपनी जानकारी मायके से नहीं मंगा पा रही है ऐसे में उन लोगों से ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसपर एसडीएम ने तुरंत ही नगर के पार्षद और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की जिसपर जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे ने इस कार्य में बीएलओ के सहयोग की बात करते हुए उन वार्ड पार्षदों से तुरंत बात की जिन वार्डो में इस कार्य में समस्या आ रही है,वही जिला कलेक्टर द्वारा इस कार्य को जल्दी करने का निर्देश दिए है मगर जब कई लोग ऐसे भी है जो इस कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे है ओर जानकारी नहीं दे रहे है।

**कई परिवार काम से बाहर गए है, 2003 की सूची नहीं मिल पा रही:**

शहर में सबसे ज्यादा समस्या अजीज कालोनी, खड़िया मोहल्ला, महाराणा प्रताप कालोनी, मल्हारगढ़ रोड सहित घुमक्कड़ प्रजाति के लोगों से आ रही हैं। अन्य कई नई कालोनी ऐसी है जहां लोग रह तो रहे है मगर उनकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। सबसे ज्यादा समस्या उन महिलाओं की आ रही है जो अपने मायके से 2003 की सूची नहीं मंगा पा रही है जिससे उनके वेरिफिकेशन नहीं हो पा रहा है और बीएलओ बार-बार ऐसे लोगों के घरों के चक्कर लगा रहे है। जिससे ऐसे लोगों की मैपिंग नहीं हो रही है जबकि जिले में तहसील एक नंबर है और एसआईआर का कार्य 90 प्रतिशत के आसपास हो चुका है।